सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-389
11/09/2018

मुख्यमंत्री ने भारत–नेपाल बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना 11 सितम्बर, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' के सामने भारत नेपाल बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से सुसज्जित इन बसों का निरीक्षण किया। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ये बसें बोधगया से काठमांडू और पटना से जनकपुर आवागमन करेंगी। परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ जबकि बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमिटी के सचिव श्री नांग्जे दोरजे एवं चीफ मोंक श्री चालिंदा ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। वहीं पाग, अंगवस्त्र एवं मधुबनी पेंटिंग भेंटकर भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बिहार एवं नेपाल के कलाकारों ने मुख्यमंत्री के समक्ष लोक कला का प्रदर्शन किया। परिवहन मंत्री श्री संतोष निराला एवं परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह (पशुपतिनाथ मंदिर) भेंट की।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के सदस्य श्री उदय कान्त मिश्र, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, बोधगया से आये बौद्ध भिक्षुगण, नेपाली प्रतिनिधिमंडल एवं परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

******